वर्ष 2023.. - 2024.....

क्रम संख्या .........04...............



हेनरी ड्यूनांट

रेडक्रॉस के जनक

(8 मई 1828 - 30 अक्टूबर 1910)

# भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी

## (छत्तीसगढ़ राज्य शाखा)

(युवक रेडक्रॉस के अन्तर्गत संस्था का पंजीयन प्रमाण - पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय, मोपका - निपनिया, जि. बलौदाबाजार-भाटापारा का युवक रेडक्रॉस के लिये पंजीयत / नवीनीकृत की गई है तथा

इनका पंजीयन क्रमांक ...19 ब.बा. 04............... है।

सचिव

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी
छत्तीसगढ़ राज्य शाखा, रायपुर

दिनांक : 23.06.23..

Newspaper — Dainik Bhaskar 02/12/2023

Programme — Aids Day

01/12/2023

# मोपका कॉलेज में छात्र-छात्राओं को एड्स के प्रति जागरूक किया गया




भाटापारा। जागरूकता रैली निकालते हुए कालेज के छात्र छात्राएं।।

**भाटापारा(मोपका)** | स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में प्राचार्य डॉ अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रेड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस इकाई के द्वारा विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में चिराग वेलफेयर समाजसेवी संस्था भाटापारा के मंगल पांडे परियोजना संचालक, दसोदी सिंह परियोजना प्रबंधक, नम्रता साहू अनुसरण एवं मूल्यांकन सह लेखापाल, सुलोचना देवांगन परामर्शदाता उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता मंगल पांडे ने एड्स के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि एड्स की शुरूआत अफ्रीकी देशों से हुई। दशोदी सिंह ने एड्स बीमारी के संक्रमण के संबंधित जानकारी साझा किया। कार्यक्रम का संचालन राजा राम धुर्वे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय मोपका के प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राजा राम धुर्वे, रेड क्रॉस प्रभारी प्रियंका पाटले, नेहा केरकेट्टा, अतिथि व्याख्याता आकांक्षा वर्मा, युवराज सिंह आदि थे।

Scanned with OKEN Scanner

Newspaper – Patrika 11/10/2023

Programme – 09/10/2023

Mental Health Day

मानसिक स्वास्थ्य दिवस

# तनाव प्रबंधन और आत्महत्या रोकने कार्यशाला लगाकर किया जागरूक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**भाटापारा (मोपका).** स्वर्गीय रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर तनाव प्रबंधन एवं आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला का आयोजन रेडरॉस इकाई एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संयुक्त रूप से किया गया। इसमें मोहिंदर घृतलहरे क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एवं रोशन लाल साइकाइट्रिक सोशल वर्कर जिला अस्पताल बलौदाबाजार उपस्थित थे।

रोशन लाल ने तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। कहा कि तनाव जिंदगी का अहम हिस्सा है। आज के समय में हर व्यक्ति तनावपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। इसका मुकाबला कैसे करें, कम मात्रा में तनाव फायदेमंद है, यह हमें बेहतर करने का अवसर प्रदान करते हैं। जिसमें हम अधिक कार्यशील बनते हैं। ज्यादा तनाव नुकसान दायक हो सकते हैं। तनाव को कम करने के लिए गहरी श्वास लेकर, ध्यान करना, योग करना एवं शारीरिक व्यायाम करना चाहिए। मोहिंदर घृतलहारे के द्वारा आत्महत्या रोकथाम विषय पर व्याख्यान दिया गया।

मानसिक स्वास्थ्य के अंतर्गत आत्महत्या को कैसे रोका जा सकता है। आत्महत्या की प्रवृत्ति जैसे 14 से 49 वर्ष की आयु में अधिक पाई जाती है।

मानसिक स्वास्थ्य भी सामान्य शारीरिक स्वास्थ्य के जैसे ही हैं। मानसिक स्वास्थ्य में गड़बड़ी को आज पूरी दुनिया में व्यापक रूप से बीमारी के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। आत्महत्या की प्रवृत्ति के विभिन्न लक्षणों के आधार पर रोकथाम के लिए चरणबद्ध रूप से उदाहरण सहित जानकारी दी।

Scanned with OKEN Scanner

Newspaper — Patrika — 29/09/2023
Programme — 27/09/2023
World Rabies Day

ब्रीफ न्यूज

# मोपका कॉलेज में विश्व रेबीज दिवस मनाया गया



भाटापारा (मोपका) @ पत्रिका. स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में बुधवार को प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व रेबीज दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास इकाई व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में अनुपम तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेबीज, श्वेता शर्मा जिला सलाहकार, संध्या दीवान ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ आलोक तिवारी, डॉ शिवांगी पहाड़ी एवं श्री गोपी पैंकरा प्राथमिक हेल्थ केयर सेंटर मोपका उपस्थित रहे।

रेबीज से बचाव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय से आए हुए अधिकारियों ने छात्रों को रेबीज के प्रति जागरूक किया एवं उपचार बताएं। तिवारी के द्वारा जानकारी दिया गया की यदि किसी भी व्यक्ति को कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि काट ले तो रेबीज का टीका अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए। यह टीका सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क हैं। श्वेता शर्मा के द्वारा जानकारी दी गई कि रेबीज विषाणु में माध्यम से होता है। यदि कोई भी व्यक्ति शिकार हो जाता है तो कटे हुए स्थान को लगातार बहते हुए पानी से 15 20 मिनट तक धोना चाहिए। रेबीज का टीका 24 घंटे के भीतर लगवाना चाहिए। डॉ. आलोक तिवारी के द्वारा बताया गया कि जो भी व्यक्ति अपने घरों में कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि रखे हैं उन्हें भी पशु चिकित्सालय से निःशुल्क टीके लगवाना चाहिए।

पोस्टर मेकिंग में छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार युवराज, द्वितीय पुरस्कार सरिता और तृतीय पुरस्कार हेमेश्वरी ने अर्जित किया। कार्यक्रम में प्रो. नारायण कुमार ध्रुव, प्रियंका पाटले सहायक प्राध्यापक, राजा राम धुर्वे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव सहायक प्राध्यापक, आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, डॉ. अमित कुमार व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राऐं में उपस्थित थे।


Scanned with OKEN Scanner

Newspaper — 28/09/2023
Programme — 27/09/2023
World Rabies Day

**विश्व रेबीज दिवस** • स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में हुआ कार्यक्रम, छात्रों को किया पुरस्कृत

# छात्रों ने पोस्टर बनाकर रेबीज को लेकर किया जागरूक

भास्कर न्यूज | भाटापारा(मोपका)



भाटापारा। विश्व रेबीज दिवस पर लोगों को जागरूक करने के लिए पोस्टर के प्रदर्शन करते हुए छात्र और स्टाफ।

स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में 27 सितम्बर बुधवार को प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में विश्व रेबीज दिवस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास इकाई व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में अनुपम तिवारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक रेबीज, श्वेता शर्मा जिला सलाहकार, संध्या दीवान ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ आलोक तिवारी, डॉ शिवांगी पहाड़ी एवं गोपी पैंकरा प्राथमिक हेल्थ केयर सेंटर मोपका उपस्थित रहे। रेबीज से बचाव कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कार्यालय से आए हुए अधिकारियों ने छात्रों को रेबीज के प्रति जागरूक किया एवं उपचार बताएं।

कार्यक्रम में प्रो. नारायण कुमार ध्रुव, प्रियंका पाटले रेडक्रास प्रभारी सहायक प्राध्यापक, राजा राम धुर्वे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव सहायक प्राध्यापक, आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, डॉ. अमित कुमार व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं में उपस्थित रहे। जागरुकता अंतर्गत महाविद्यालय में रेबीज से बचाव संबंधित पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम भी कराए। पोस्टर मेकिंग में छात्र छात्राओं को पुरुस्कार प्रदान किए गए। प्रथम पुरस्कार युवराज, द्वितीय पुरस्कार सरिता, एवं तृतीय पुरस्कार हेमेश्वरी ने अर्जित की।

## कुत्ता, बिल्ली या बंदर के काटने पर लगवाएं टीका

तिवारी द्वारा जानकारी दी गई कि यदि किसी भी व्यक्ति को कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि काट ले तो रेबीज का टीका अनिवार्य रूप से लगवाना चाहिए। यह टीका सभी सरकारी अस्पताल में निःशुल्क हैं। श्वेता शर्मा के द्वारा जानकारी दी गई कि रेबीज विषाणु में माध्यम से होता है। यदि कोई भी व्यक्ति शिकार हो जाता है तो कटे हुए स्थान को लगातार बहते हुए पानी से 15 -20 मिनट तक धोना चाहिए। रेबीज का टीका 24 घंटे के भीतर लगवाना चाहिए। जो भी व्यक्ति अपने घरों में कुत्ता, बिल्ली, बंदर आदि रखें उन्हें भी पशु चिकित्सालय से निःशुल्क टीके लगवाना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

# पत्रिका

महाविद्यालय में की साफ-सफाई

## स्वच्छता पखवाड़ा में रासेयो ने दिया साफ-सफाई का संदेश



छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की सफाई।

**भाटापारा (मोपका) @ पत्रिका.** स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया में प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य के द्वारा स्वच्छता की जानकारी दी और उन्हें अपने आसपास साफ-सफाई रखने कहा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता रखना केवल महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कचरे के रूप में जहां कहीं भी पाउच, पन्नी, पॉलीथिन दिखे उसे बिना शर्मा, कूड़ेदान में डालना चाहिए।

संस्था के सहायक प्राध्यापक प्रियंका पाटले ने कहा कि हमें अपने आप को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने घर एवं मोहल्ले को भी स्वच्छ रखें। हम लगातार कितने गैर जिम्मेदार होते जा रहे हैं कि अपना घर तो जरूर साफ करते हैं लेकिन अपने सारे गंदगी कूड़ा कचरा बाहर गलियों सड़कों और चौराहों पर फेंक देते हैं। यह नहीं सोचते कि पूरा देश ही हमारा घर है।

कार्यक्रम अधिकारी रासेयो राजाराम धुर्वे के द्वारा स्वच्छता का महत्व बताया गया एवं सभी को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा पूरे महाविद्यालय की साफ-सफाई की गई।

कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर अभिलाषा सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राजाराम धुर्वे, रेड क्रॉस प्रभारी प्रियंका पाटले, नारायण कुमार ध्रुव, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव सहायक प्राध्यापक, अतिथि शिक्षक आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, दिगंबर कश्यप, डॉक्टर अमित कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Newspaper – 08/10/2023

Programme – 06/10/2023

Cleanliness Day

स्वच्छता दिवस

Scanned with OKEN Scanner

नईदुनिया

याबंद

www.naidunia.com

# 'सफाई व स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी'




स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्य। ● नईदुनिया

भाटापारा। स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपानिया में प्राचार्य डा. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य के द्वारा स्वच्छता के बारे में संबोधित किया गया। अपने आसपास को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। स्वच्छता रखना केवल महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कचरे के रूप में जहां कहीं भी पाउच, पन्नी, पालिथीन दिखे उसे बिना शर्माए कूड़ेदान में डालना चाहिए। संस्था के सहायक प्राध्यापक प्रियंका पटले के द्वारा कहा गया कि हमें अपने आप को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने घर व मोहल्ले को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। हम लगातार कितने गैर जिम्मेदार होते जा रहे हैं।

अपना घर तो जरूर साफ करते हैं लेकिन अपने सारे गंदगी कूड़ा कचरा बाहर गलियों सड़कों और चौराहों पर फेंक देते हैं। यह नहीं सोचते कि पूरा देश ही हमारा घर है। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो राजाराम ध्रुवे के द्वारा स्वच्छता का महत्व बताया गया एवं सभी को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डाक्टर अभिलाषा सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी राजाराम ध्रुवे, रेड क्रास प्रभारी प्रियंका पटले, नारायण कुमार ध्रुव, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव सहायक प्राध्यापक, अतिथि शिक्षक आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, दिगंबर कश्यप, डॉक्टर अमित कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Newspaper — 08/10/2023

Programme — 06/10/2023

Cleanliness Day

स्वच्छता दिवस

Scanned with OKEN Scanner

# नवभारत



## मोपका कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

भाटापारा। स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका में प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी छात्र-छात्राओं को दी गई। इस दौरान सहायक प्राध्यापक प्रियंका पाटले द्वारा ने कहा कि हमें अपने आप को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने घर एवं मोहल्ले को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। राजाराम धुर्वे के द्वारा स्वच्छता का महत्व बताया गया एवं सभी को स्वच्छता अपनाने के लिये शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा पूरे महाविद्यालय की साफ-सफाई किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी, राजाराम धुर्वे, प्रियंका पाटले, नारायण कुमार ध्रुव, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव, आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, दिगंबर कश्यप, डॉ. अमित कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

Newspaper — 09/10/2023

Programme — 06/10/2023

Cleanliness Day

स्वच्छता दिवस

Scanned with OKEN Scanner

Newspaper – Dainik Bhaskar
11/10/2023

Programme – 06/10/2023

# Cleanliness Day

# स्वच्छता दिवस

## महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने की सफाई, स्वच्छता का महत्व भी समझा




भाटापारा। महाविद्यालय में साफ सफाई के दौरान मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक।

**भाटापारा(मोपका)**| स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपानिया में प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सभी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा स्वच्छता के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है। स्वच्छता रखना केवल महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कचरे के रूप में जहां कहीं भी पाउच, पन्नी, पॉलिथीन दिखे उसे बिना शर्माए कूड़ेदान में डालना चाहिए। संस्था के सहायक प्राध्यापक प्रियंका पाटले ने कहा कि हमें अपने आप को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने घर व मोहल्ले को भी स्वच्छ रखना जरूरी है। हम लगातार कितने गैर जिम्मेदार होते जा रहे हैं। अपना घर तो जरूर साफ करते हैं, लेकिन गंदगी, कूड़ा कचरा बाहर गलियों, सड़कों और चौराहों पर फेंक देते हैं। यह नहीं सोचते कि पूरा देश ही हमारा घर है। कार्यक्रम अधिकारी रासेयो राजाराम धुर्वे के द्वारा स्वच्छता का महत्व बताया गया व सभी को स्वच्छता अपनाने के लिए शपथ दिलाई गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं के द्वारा पूरे महाविद्यालय की साफ-सफाई की। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉक्टर अभिलाषा सैनी, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राजाराम धुर्वे, रेड क्रॉस प्रभारी प्रियंका पाटले, नारायण कुमार ध्रुव, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव सहायक प्राध्यापक, अतिथि शिक्षक आकांक्षा वर्मा, युवराज दीक्षित, दिगंबर कश्यप, डॉक्टर अमित कुमार एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner

Newspaper — Patrika 04/08/2023

Programme — 02/08/2023

Plantation & Career Guidance

# मोपका कालेज में पौधरोपण व कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम संपन्न



भाटापारा (मोपका) @ पत्रिका. स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका निपनिया भाटापारा में 2 अगस्त बुधवार को प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन में पौधरोपण व आजीविका मार्गदर्शन (कैरियर गाइडेंस) कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के रेडक्रास इकाई व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से प्राध्यापक डॉ. के. के. घोष रसायन अध्ययन शाला, प्राध्यापक डॉ. एस. के. जाधव बायोटेक्नोलॉजी, प्राध्यापक डॉ. के. के. साहू बायोटेक्नोलॉजी अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। डॉ के. के. घोष के द्वारा छात्र छात्राओं को शोध अभिविन्यास, नई शिक्षा नीति, कैरियर गाइडेंस आदि के बारे में बताया गया। डॉ. एस. के. जाधव के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया गया।

पौधरोपण कार्यक्रम के तहत जामुन, करंज, नीम व आंवला के पौधों का रोपण अतिथियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में प्रियंका पाटले रेडक्रास प्रभारी सहायक प्राध्यापक, राजा राम धुर्वे कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, देवानंद बोरकर, नेहा केरकेट्टा, तृप्ति साव, आकांक्षा वर्मा व छात्र छात्राऐं थानेश्वरी, अन्नु, प्रीतम, खिलेश्वर, लखन, निलेश,लच्छन निषाद, लता आदि उपस्थित थे।

Scanned with OKEN Scanner